Ans. (a) राजस्थान के कृषि-जलवायु क्षेत्र/प्रदेश IV-A अर्द्ध आर्द्र दक्षिणी मैदान में भीलवाड़ा, राजसमन्द, चित्तौड़गढ़, सिरोही और उदयपुर जिले शामिल किये गये हैं।

1475. राजस्थान में ग्राम पर जल में आत्म निर्भरता हेतु कौन-सा अभियान/पद्धति प्रस्तावित किया गया/गयी है-

(a) बूँद-बूँद सिंचाई
(b) कुओं का निर्माण
(c) जल स्वावलम्बन अभियान
(d) कृषि पद्धति में परिवर्तन

Investigator Exam Date- 21.08.2016

Ans. (c) ''जल स्वावलम्बन अभियान'' राजस्थान के मुख्यमंत्री द्वारा 27 जनवरी 2016 को शुरू किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों पानी की न्यूनतम अवश्यकता की पूर्ति, जल उपलब्धता एवं अकाल के दौरान पानी के अभाव से उत्पन्न समस्याओं का निराकरण करना है।

1476. राजस्थान में बाजरा अनुसंधान केन्द्र कहाँ स्थित है?

(a) जैसलमेर (b) जोधपुर
(c) बाड़मेर (d) जालौर

हाथकरघा निरीक्षक (उद्योग विभाग) भर्ती परीक्षा -2018

Ans. (c) देश का पहले 'बाजरा अनुसंधान केन्द्र' की स्थापना राजस्थान राज्य के बाडमेर में वर्ष 2011 में की गई। राजस्थान मोटे अनाजों के उत्पादन में शीर्ष पर है। जबकि अखिल भारतीय समन्वित बाजरा अनुसंधान परियोजना जोधपुर में स्थित है। आयोग ने विकल्प (b) को सही माना है, जबकि सही विकल्प (c) है।

1477. प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-सूक्ष्म सिंचाई के वित्त पोषण के पैटर्न केन्द्र राज्य के संबंध में है-

(a) 50 : 50 (b) 60 : 40
(c) 70 : 30 (d) 80 : 20

VDO-2021 Exam Date 27.12.2021 Shift-I

Ans. (b) प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अन्तर्गत सूक्ष्म सिंचाई के लिए केन्द्र एवं राज्यों के मध्य वित्त पोषण का अनुपात 60 :40 का रखा गया है।

● बूँद-बूँद सिंचाई की पद्धतियाँ (सूक्ष्म सिंचाई)- ड्रिप सिंचाई, स्प्रिंकलर, मिनी स्प्रिंकलर, फब्बारा सिंचाई, पोर्टेबल स्प्रिंकलर, अर्द्ध स्थाई, स्प्रिंकलर, अधिक घनफल स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली।

1478. राजस्थान राज्य में कृषि गणना 2015-16 के अनुसार कुल पुरुष प्रचलित जोतों की संख्या है-

(a) 7.75 लाख (b) 6.86 लाख
(c) 68.66 लाख (d) 196.6 लाख

VDO-2021 Exam Date 27.12.2021 Shift-I

Ans. (c) राज्य में कृषि गणना 2015–16 के अनुसार कुल प्रचलित जोतों की संख्या 76.55 लाख हैं। जिसमें से पुरूष प्रचलित जोतों की संख्या लगभग 68.66 हैं एवं महिला जोतों की संख्या 7.75 लाख है। कृषि गणना 2015–16 के अनुसार राज्य में भूमि जोतों का औसत आकार 2.73 हेक्टेयर रहा है।

1479. राजस्थान में भूमि उपयोग (2018-19) के संदर्भ में कौन सा सुमेलित नहीं है?

(a) शुद्ध बोया गया क्षेत्र- 51.85%
(b) वन क्षेत्र-8.05%
(c) चालू पड़त भूमि क्षेत्र-5.22%
(d) अकृषि क्षेत्र- 8.10%

VDO-2021 (Exam Date. 28.12.21) Shift-IV

Ans. (d) राजस्थान में भूमि उपयोग (2018-19) के आधार पर सही आँकड़े इस प्रकार हैं-

● शुद्ध बोया गया क्षेत्र - 51.85%
● वन क्षेत्र - 8.05%
● चालू पड़त भूमि क्षेत्र - 5.22%
● अकृषि क्षेत्र - 6.14%

1480. ''स्वस्थ धरा खेत हरा'' नारा है-

(a) परम्परागत कृषि विकास योजना का
(b) मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना का
(c) कृषि-वानिकी पर उप-मिशन का
(d) प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना का

VDO-2021 Exam Date 27.12.2021 Shift-II

Ans. (b) ''स्वस्थ धरा खेत हरा'' नारा का सम्बन्ध ''मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना'' से है। इस योजना की शुरूआत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 19 फरवरी, 2015 में सूरतगढ़ राजस्थान से की थी। यह योजना देश के सभी किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी करने में राज्य सरकारों की सहायता के लिए शुरू की गयी है। यह मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपयोग किये जाने वाले पोषक तत्वों की खुराक पर सिफारिशों के साथ-साथ मिट्टी की पोषक स्थिति के बारे में जानकारी प्रदान करता है।

1481. राजस्थान में प्रथम योजनाकाल से 2012-13 तक सस्य प्रतिरूप में घटित निम्न में से कौनसा/कौनसे परिवर्तन सही है-

1. अनाज के अंतर्गत क्षेत्रफल 42.5 से बढ़कर 56.0 प्रतिशत हो गया है।
2. दालों के अंतर्गत क्षेत्रफल 21.0 से घटकर 13.5 प्रतिशत रह गया है।
3. तिलहन के अंतर्गत क्षेत्रफल 6.2 से बढ़कर 20.5 प्रतिशत हो गया है।
4. कपास, गन्ना, ग्वार, फल, सब्जी, मसाले व चारा फसलों के अंतर्गत क्षेत्रफल 16.8 से बढ़कर 23.5 प्रतिशत हो गया है।

निम्नलिखित कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-

(a) 1, 2 और 3 (b) केवल 1
(c) 1 और 3 (d) 2, 3 और 4

Gram Sevek & Hostel Superintendent Ex. Dt. 18.12.2016

Ans. (d) राजस्थान की भौतिक जलवायु मोटे अनाज विशेष रूप से ज्वार, बाजरा, मक्का, जौ आदि की खेती के अनुकूल है। अतः राज्य में प्रथम योजनाकाल से 2012–13 तक सस्य प्रतिरूप निम्न हैं-

● दलहन का क्षेत्रफल 21.0% से घटकर 13.5% रह गया है।
● तिलहन का क्षेत्रफल 6.2% से बढ़कर 20.5% हो गया है।
● कपास, गन्ना, ग्वार, फल, सब्जी, मसाले व चारा फसलों का रकबा 16.8% से 23.5% हो गया है।
● सकल फसली क्षेत्रों में अनाज का हिस्सा घटा है न कि बढोत्तरी हुई।

1482. राजस्थान के किस भाग में शुष्क खेती प्रचलित है?

(a) पूर्वी भाग में (b) दक्षिणी भाग में
(c) दक्षिण-पूर्वी भाग में (d) पश्चिमी भाग में

फायरमैन सीधी भर्ती परीक्षा-2021 (Ex. Dt. 29-01-2022)